हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार 28 फरवरी 2026

11 युवाओं की अभिव्यक्ति में आएगी और अधिक ....

12 'यूटीलिटी शिफ्टिंग' ने रोके थे आरओबी ...

ADMISSION CUM
SCHOLARSHIP TEST
SUNDAY, 8th March 2026
Time: 11:00 AM
Grab The Opportunity

लगातार सबसे आगे....
H.D. PUBLIC SCHOOL, BIROHAR
आपके बच्चे के सुनहरे भविष्य को सवांरने के लिए तत्पर क्षेत्र का एकमात्र शिक्षण संस्थान
दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, शिक्षा एवं संस्कार का संगम एच.डी. बिरोहड़
A Co-Education English Medium | C.B.S.E. Affiliated Sr. Sec. School

आप सभी को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
M. 80599-23555, 86071-28682

Limited Seats
ADMISSION OPEN
Session 2026-27
NURSERY TO 12TH
All STREAMS
(SCIENCE/COMM./HUMANITIES)

अचानक बावड़ी गेट स्थित कबाड़ की दुकान में लगी आग

महिला सहित दस लोग झुलसे, दो की हालत गंभीर, दो को दी छुट्टी

सात गाड़ियों ने एक घंटे के बाद पाया काबू, घायलों को सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

शुक्रवार सुबह अचानक बावड़ी गेट स्थित कबाड़ की दुकान में आग लग गई। आग से वहां पर मौजूद महिला सहित दस लोग झुलस गए। जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है,जबकि आठ लोग सामान्य अस्पताल में उपचाराधीन है। आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है,लेकिन माना जा रहा है कि कबाड़ में आए लाइटरों को तोड़ते वक्त आग की चिंगारी निकली है। चूंकि आग लगी उस वक्त हजारों की संख्या में बीड़ी जलाने वाले लाइटर पड़े थे,जिनमें गैस भी थी। वही कुछ लोग आग लगने के कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट होना भी बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार सुबह साढ़े नौ बजे अचानक कबाड़ के गोदाम से तेज लपटें निकलने लगी। धूंए का गुब्बार देखकर लोगों ने दमकल विभाग को सूचित किया। तत्काल अग्निशमन का दस्ता मौके पर पहुंचा और करीब सात गाड़ियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

वहां पर मौजूद कुछ बालक, एक महिला व एक अधेड़ दीवार फांदकर कूदने लगे। इनमें से कुछ लोग गेट से बाहर निकले। आग की लपटें इतनी तेज थी बाहर निकलते वक्त ये सभी लोग झुलस गए। घायलों में 3 महिला, एक अधेड़ तथा 5-6 बच्चे थे। जिनमें से दो की हालत नाजुक बनी हुई है। सभी को सामान्य अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

बोरे लेने आए थे बच्चे : कुछ लोगों का कहना है कि बच्चे वहां पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का खाना लेकर गए थे। वहीं कबाड की दुकान का मालिक का कहना है कि बच्चे उसका सामान बेचते हैं और वे बोरा लेने के लिए आए हुए थे। वहीं इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल हुए बच्चों ने चिकित्सक को बताया कि वे गोदाम में चाय बना रहे थे। तब आग लगी। अब इस बारे में स्पष्ट जांच के बाद ही हो पाएगा।

पिल्लू-अंजलि गंभीर

कबाड़ के गोदाम में लगी आग में बावड़ी गेट निवासी पिल्लू, प्राची, शुभम, विक्की, कार्तिक, अंजली, आदित्य, सैलौनी, अमनीत व पोलू झुलस गए थे। पिल्लू व अंजलि की हालत गंभीर है। अभी भिवानी के सामान्य अस्पताल में उपचार चल रहा है। अलावा अमनीत व पोलू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। बाकी सभी झुलसे हुए पीड़ित सामान्य अस्पताल में उपचारधीन है।

दीवार फांदकर भागे युवक

यातायात पुलिस प्रभारी संजय ने बताया कि वे रूटीन में रोहतक गेट से बावड़ी गेट की तरफ आ रहे थ। अचानक उनको बावड़ी गेट की तरफ धुंआ उठता नजर आया तो वे मौके पर पहुंचे और आग लगी होने की जानकारी मिली। उन्होंने तत्कान फायर बिग्रेड व 112 नम्बर पर कॉल की। पुलिस व फायर बिग्रेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। इस दौरान कुछ युवक दीवार फांदकर भागे और उनको इलाज के लिए एम्बुलेंस में बैठाकर सामान्य अस्पताल में भेजा।

हजारों की संख्या में मिले बीड़ी जलाने वाले लाइटर

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जिस वक्त आग लगी। उस वक्त अनेक लोग मौके पर पहुंच गए। अग्निशमन दस्ता भी मौके पर पहुंचा और आग को शांत करवाया। आग के शांत होते ही वहां पर हजारों की संख्या में बोरो में भरे बीड़ी जलाने के लाइटर मिले। जिनमें गैस भी भरी हुई थी। जिस वक्त आगजनी की घटना घटी। उस वक्त वहां पर कार्य कर रहे मजदूर लाइटरों को तोड़ रहे थे या कोई अन्य कार्य कर रहे थे। क्योंकि जिस वक्त आग लगी उस वक्त लाइटरों की सील टूटी हुई मिली। फिलहाल जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि आग किन कारणों से लगी है। लोगों का यह भी कहना है कि आग बिजली के शार्ट सर्किट से लगना बताया जा रहा है।

सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर भड़के लोग, परशुराम चौक पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ बंद की गई साइट को खोलने और मजदूरों को सभी लाभ प्रदान करने की मांग की

जिला दादरी की बेटी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म को लेकर लोगों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने इंटक नेताओं के नेतृत्व में दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी को लेकर परशुराम चौक पर जाम लगा दिया।

इससे पहले इंटक के कार्यकर्ता मांगों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील धानक की अध्यक्षता में रोज गार्डन में एकत्रित हुए और उन्होंने इंटक प्रदेश अध्यक्ष अमित यादव की अगुवाई में प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय परिसर में पहुंचे और उपायुक्त कार्यालय में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इंटक नेताओं ने अपनी मांगों में बंद की गई साइट को खोलने और मजदूरों को सभी लाभ प्रदान करने की मांग की है। उन्होंने बोर्ड में कर्मचारी और अधिकारी भर्ती करके बोर्ड का स्वतंत्र ढांचा खड़ा करने को कहा है। उन्होंने कहा कि 90 दिन की वेरिफिकेशन का अधिकार यूनियनों को दिया जाए। उन्होंने फर्जीवाड़ा करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा की फैमिली आईडी के नाम पर मजदूरों का प्रताड़ित करना बंद किया जाए और कैंप लगाकर प्रवासी मजदूरों सहित सभी मजदूरों का पंजीकरण किया जाए। उन्होंने जिला स्तर पर वेरिफिकेशन के लिए यूनियन के प्रतिनिधियों को शामिल करने की भी मांग की है।

इस अवसर पर इंटक के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनीराम दहिया छपार, इंटक नेता धर्मवीर लोहान, कृष्ण कुमार नैन, रामोतार खोरड़ा, प्रेम कुमारी अचिना, किसान नेता राजू मान, सुरेंद्र परमार, रणधीर घिकाड़ा, वीरेंद्र पप्पू, एडवोकेट आनंद बिजारणियां, सुमित डूडीवाला, एडवोकेट सुनील दुरेजा, रोहतास, नरेंद्र दहिया, दलीप सांगवान ,संजय बिड़लान, पप्पू काशीराम, सुधीर स्वामी, सत्यवान, निर्मला, जगवंती,प्रमिला, सोनिया समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

लोहारी जाटू में फाटक की मांग को लेकर धरना

भिवानी। शुक्रवार को लोहारी जाटू में अंडरपास की जगह ओपन फाटक खुलवाए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना दिया। रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो जाता। तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। किसान धर्मपाल व राजेंद्र कुमार ने बताया कि रेलवे की सी 60 व सी 62 से रोजाना हजारों ग्रामीणों व आसपास के गांव के लोगों का आना व जाना होता है। इन दोनों फाटकों में चार चार फुट भूमिगत पानी जमा है।

खबर संक्षेप

झगड़े के मामले में सप्ताह बाद केस दर्ज

लोहारू। उपमंडल के गांव पहाड़ी में युवक के साथ हुए झगड़े के मामले में लोहारू पुलिस ने करीब एक सप्ताह बाद मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में ढिगावा निवासी नवीन कुमार ने बताया कि वह 19 फरवरी की सायं को पहाड़ी गांव में बिजली विभाग की लाइन पर काम कर रहा था। तभी गांव के युवक ने उस पर हमला कर दिया।

राजस्थान से चूरापोस्त ला रहे दो युवक दबोचे

भिवानी। पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने थाना सिवानी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए राजस्थान से मादक पदार्थ चूरा पोस्त लेकर आ रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। स्पेशल स्टाफ ईशरवाल के इंचार्ज उप निरीक्षक कपिल देव की टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 2 किलो 220 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान राजू व रामनिवास निवासी खेदडला, जिला जोधपुर, राजस्थान के रूप में हुई है।

1.82 करोड़ रुपये की ठगी के दो आरोपी पकड़े

चरखी दादरी। साइबर क्राइम पुलिस की टीम ने गांव खेड़ी बूरा निवासी लेक्चरर से फर्जी ऑनलाइन शॉपिंग प्लेटफार्म पर निवेश करवाकर 1.82 करोड़ रुपये की ठगी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि गांव खेड़ी बूरा निवासी लेक्चरर ने ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। आरोपी अजीत, बलदेव राज, गुरमीत व एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। अब यूपी निवासी कार्तिक राज गौतम व अम्बाला निवासी मनमीत सिंह उर्फ मन्नी को गिरफ्तार किया।

क्षेत्र वासियों की पुरानी मांग

बवानीखेड़ा को उपमंडल का दर्जा दिया जाए

भिवानी। ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा से मुलाकात करते संदीप खरकिया। फोटो : हरिभूमि

भिवानी। धानक जनकल्याण मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा से मिलकर बवानीखेड़ा को उपमंडल का दर्जा दी जाने की मांग की मंच के प्रदेश अध्यक्ष संदीप खरकिया ने कहा कि बवानीखेड़ा क्षेत्र वासियों की पुरानी मांग है इसलिए विधानसभा का स्तर चल रहा है मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधानसभा स्तर में उपमंडल की घोषणा करें ताकि क्षेत्र वासियों को इसका लाभ मिल सके संदीप खरकिया ने कहा कि इससे पहले भी धानक जनकल्याण मंच ने कई बार मुख्यमंत्री को भी पत्र लिखकर उपमंडल बनाए जाने की मांग कर चुके हैं इसके अलावा संदीप खरकिया ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा को परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, श्रमिक मजदूरों कीसमस्याओं, जाटू लोहारी गांव में जल भराव की समस्या, किसान वर्ग को जल भराव कामुआवजा, खरक, कलिंगा में किसानों को 23 ,24 का मुआवजा पेंडिंग है इसलिए वह भी जल्द से जल्द दिया जाए ताकि किसानों वर्ग का भला हो सके ।

शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई

कच्चे सफाईकर्मियों को नहीं मिला वेतन

■ एसडीएम से मुलाकात कर तीन महीने का वेतन दिलाने की मांग

लोहारू। शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने सफाई व्यवस्था को ठेके पर दे रखा है। लेकिन ठेकेदार के अधीन काम कर रहे करीब एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मचारियों ने तीन माह से सैलरी नही मिलने से नाराज होकर हड़ताल शुरू कर दी है। जिससे शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। इन सफाई कर्मचारियों ने एसडीएम से मुलाकात कर तीन महीने का वेतन दिलाने की मांग की है। उधर लोगों की शिकायत के बाद शुक्रवार को दोपहर बाद नपा के सफाई कर्मचारी ने शहर के अनेक स्थानों से कचरे का उठान करवाया है। ठेकेदार के अधीन काम करने वाले सुरेंद्र, प्रभात, अशोक संजय, जयसिंह, उत्तम, राहुल, सतपाल सहित अनेक कच्चे कर्मचारी हड़ताल है। इन कर्मचारियों का कहना है वे तब तक काम पर नही लौटेंगे जब तक उन्हें वेतन नहीं मिल जाता। उधर इस बारे में नपा सचिव का कहना है कि इन कर्मचारियों का वेतन संबंधी मामला ठेकेदार से से सबंधित है तथा ठेकेदार द्वारा बिल जमा करवाए जाने पर नियमानुसार राशि जारी कर दी जाएगी। बहरहाल नगरपालिका प्रशासन ने स्वयं के कर्मचारियों से शहर के अनेक स्थानों से कचरा निस्तारण का कार्य शुरू कर दिया है।

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सजगता

एसडीएम ने कई परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

चरखी दादरी। एसडीएम आशीष सांगवान ने जिले में चल रही हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं हरियाणा ओपन स्कूल परीक्षाओं को नकल विहीन आयोजित करवाने के उद्देश्य से विभिन्न स्कूलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बेरला, पिचोपा व हड़ोदी गांव के परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि बोर्ड परीक्षाएं जिला में सफल तरीके से आयोजित हों इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सजग है तथा सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों की सख्ती से अनुपालना की जा रही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों को नकल रहित बनाने के लिए सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें तथा परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थियों की चेकिंग सुनिश्चित करें। बाहर से नकल के लिए मिलने वाली मदद की सभी संभावनाओं से संबंधित पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दें।

73 मोबाइल किए रिकवर

गुम हुए मोबाइल फोन मालिकों को सौंप दिए

■ मोबाइल धारकों ने जिला पुलिस भिवानी का आभार व्यक्त किया

भिवानी। पुलिस अधीक्षक भिवानी सुमित कुमार के निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा आमजन के गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उन्हें वापस दिलाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में साइबर सैल भिवानी की टीम ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए 13 लाख 23 हजार रुपये कीमत के 73 गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए।

एसपी भिवानी के निर्देशानुसार साइबर सेल भिवानी की टीम ने पिछले लगभग दो महीनों के दौरान गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस आउट करने के लिए विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत विभिन्न स्थानों से 73 मोबाइल फोन रिकवर किए गए। एसपी कार्यालय भिवानी के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक भिवानी के द्वारा बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके मालिकों को सौंपे गए। अपने गुम हुए मोबाइल फोन वापस पाकर सभी मोबाइल धारकों ने जिला पुलिस भिवानी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसपी भिवानी सुमित कुमार ने कहा कि आज के समय में मोबाइल फोन एक अत्यंत संवेदनशील डिवाइस बन चुका है, जिसमें आम नागरिकों की निजी, गोपनीय व वित्तीय जानकारी सुरक्षित रहती है। इसलिए नागरिकों को सार्वजनिक जगहों पर फोन का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

कारण बताओ नोटिस जारी करने पर भड़के कर्मचारी

बिजली कर्मचारी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे

■ कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : प्रधान सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हरियाणा पावर कॉर्पोरेशन वर्कर यूनियन (हिसार सर्कल) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों का गुस्सा फूट पड़ा। ऑपरेशन सिटी यूनिट के अधीन आने वाली सभी इकाइयों ने शुक्रवार को उपमंडल अधिकारी के कार्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने का बिगुल फूंक दिया।

धरने की अध्यक्षता यूनिट प्रधान सतीश तंवर ने की, जबकि मंच संचालन मेनपाल ने किया। कर्मचारियों की नाराजगी का मुख्य कारण साथी कर्मचारी रविंद्र यादव के खिलाफ की गई दंडात्मक कार्रवाई है। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधान सतीश तंवर ने कहा कि गत 24 फरवरी को यूनियन और उपमंडल अधिकारी के बीच सकारात्मक वार्ता हुई थी। आरोप है कि अधिकारी ने रविंद्र यादव को कार्यालय में नहीं पाकर उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया था। यूनियन का पक्ष है कि रविंद्र उस वक्त अपने साथी कर्मचारी के घर दुःख की घड़ी में शामिल होने गए थे, जिसकी जानकारी विभाग को थी। तंवर के अनुसार वार्ता के दौरान अधिकारी ने स्थिति को समझते हुए सहमति जताई थी, इसके बावजूद पे-रोल में रविंद्र की अनुपस्थिति दर्ज कर दी गई। प्रधान तंवर ने कहा कि ये पूरी तरह से प्रशासन की हठधर्मिता एवं वादा खिलाफी है, जब अधिकारी ने मौखिक रूप से बात मान ली थी, तो पे-रोल में अनुपस्थिति दिखाना कर्मचारियों के साथ धोखा है। कर्मचारियों ने साफ किया कि जब तक साथी कर्मचारी की अनुपस्थिति को ठीक नहीं किया जाता और रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं होता, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। यूनियन ने चेतावनी दी कि जल्द ही समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरने में अभिषेक शर्मा, मेनपाल, सुखवीर, सन्नी, पवन, अनिल बमला व दिनेश शर्मा सहित अनेक कर्मचारियों ने भाग लिया।

भिवानी। अनिश्चितकालीन धरने के दौरान विरोध जताते बिजली कर्मचारी।

अधिकारी के तानाशाही रवैये को लेकर दो धंटे किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ◀◀ तोशाम

■ एसडीओ तोशाम-2 के खिलाफ की नारेबाजी

शुक्रवार को निरंतर दूसरे दिन एचएसईबी यूनियन द्वारा एसडीओ तोशाम-2 के तानाशाही रवैया के खिलाफ 2 घंटे का धरना-प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता सब यूनिट तोशाम-2 के प्रधान संजय पंघाल ने की तथा मंच संचालन सचिव संदीप यादव ने किया।

इस दौरान धरने को संबोधित करते हुए यूनिट सचिव राजकुमार जटासरा ने एसडीओ तोशाम-2 के तानाशाही रवैया एवं कर्मचारियों के साथ किए जा रहे भेदभाव की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 2 मार्च सोमवार से सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक लगातार विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। उनका कहना था कि जब तक एसडीओ स्वयं धरने पर आकर कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे तब तक उनका धरना प्रदर्शन निरंतर जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दौरान यदि निगम के कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी एसडीओ तोशाम-2 की होगी। इस दौरान यूनियन के पूर्व प्रधान राजपाल चाहर ने भी विशेष रूप से धरने को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर उमेश बुशान, अनिल पंघाल, प्रदीप लाइनमैन, भीष्म सोनी, हीरानंद एलडीसी, अनीता यूडीसी, विकास एलडीसी, सत्यवान यादव एसए, वीरेंद्र एसए आदि मौजूद रहे।

तू या मैं के फ्लॉप होने से निराश हुए आदर्श

मुंबई। अभिनेता आदर्श गौरव हाल ही में फिल्म 'तू या मैं'में नजर आए थे। फिल्म में आदर्श के अभिनय की जमकर प्रशंसा भी हुई। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं हो सकी। अब फिल्म के कलेक्शन पर आदर्श ने निराशा व्यक्त की है। साथ ही उन्होंने लोगों से नए कलाकारों की ऐसी प्रयोगात्मक फिल्मों को एक मौका देने की भी अपील की। फिल्म के प्रदर्शन पर निराशा जताते हुए एक्टर ने कहा कि अगर ऐसा ही रहा तो मुझ जैसे कलाकार कहां जाएंगे? नए कलाकार कहां जाएंगे?

लाइफ Style

डेजी

परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस डेजी शाह ने हाल ही में शादी और मां बनने को लेकर अपनी सोच खुलकर शेयर की है। डेजी शाह ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शादी को डरावना बताया है और उन्होंने साफ कहा कि उनके लिए परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है। साथ ही मां बनने को लेकर भी उन्होंने बड़ा फैसला लिया है।

एक इंटरव्यू में, 'जय हो' की एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने अपने एग्स फ्रीज करवा लिए हैं, ताकि भविष्य में जब भी वे चाहें, वे मां बन सकें। उनका कहना है कि वे अपनी जिंदगी के फैसले अपनी शर्तों पर लेना चाहती हैं। डेजी ने माना कि आजकल रिश्तों से जुड़ी खबरें उन्हें परेशान करती हैं। उन्होंने कहा, 'हर दिन कुछ ना कुछ हो रहा है, कपल्स के ब्रेकअप या वो 'ब्लू ड्रम' जैसे चौंकाने वाले मामले। ये सब बहुत डरावना है।'हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने शादी को लेकर ज्यादा सोचा नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह शादी करेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह फैसला उन्होंने 'ऊपरवाले पर छोड़ दिया है।'इंटरव्यू के दौरान जब उनसे 'प्यार'और 'पैसा'में से एक चुनने को कहा गया, तो 41 साल की एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्हें दोनों चाहिए। उनका मानना है कि रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ-साथ आर्थिक रूप से मजबूत होना भी जरूरी है। वे चाहती हैं कि उनका पार्टनर खुद से आर्थिक रूप से सुरक्षित और स्वतंत्र हो। मदरहुड पर बात करते हुए डेजी ने साफ कहा, 'परिवार शुरू करने के लिए शादी जरूरी नहीं है।'उन्होंने बताया कि उन्होंने एग फ्रीज करवाने का फैसला इसलिए लिया।

हॉलीवुड मसाला

वॉर्नर ब्रदर्स... को नहीं खरीदेगा नेटफ्लिक्स

लॉस एंजिल्स। नेटफ्लिक्स और वॉर्नर ब्रदर्स की डील पिछले साल शुरू हुई थी। अब यह डील लगभग खत्म हो गई है। नेटफ्लिक्स इस डील से पीछे हट गया है। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी को खरीदने का अपना प्रस्ताव वापस ले लिया है। इससे कई महीनों से चल रही बोली की लड़ाई में पैरामाउंट स्काइडांस आगे हो गई है। वॉर्नर ब्रदर्स ने गुरुवार को कहा कि पैरामाउंट की नई पेशकश नेटफ्लिक्स से बेहतर है। पैरामाउंट ने कुछ दिन पहले अपनी पेशकश बढ़ाते हुए प्रति शेयर 1 डॉलर अधिक देने पर सहमति जताई थी। नेटफ्लिक्स ने वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के लिए अपनी बोली बढ़ाने से मना कर दिया।

रॉबर्ट ने रोते हुए कहा- आप लोगों को बांट नहीं सकते

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के सबसे महान एक्टर्स में शुमार 82 साल के रॉबर्ट डी नीरो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को 'देश का दुश्मन' बताया है। उन्होंने ट्रंप सरकार की नीतियों का खुलकर विरोध किया है। यही नहीं, सोमवार को वह अमेरिका के हालात पर बात करते हुए भावुक भी हो गए। उनकी आंखों में आंसू आ गए। रॉबर्ट डी नीरो अपने बेबाक राजनीतिक विचारों के लिए जाने जाते हैं। यह सब तब हुआ, जब वह निकोल वॉलेस के पॉडकास्ट, 'द बेस्ट पीपल' में न्यूयॉर्क शहर और पूरे अमेरिका में हालात पर अपनी गहरी चिंता जाहिर कर रहे थे। रॉबर्ट डी नीरो ने चेतावनी दी कि डोनाल्ड ट्रंप का राज न्यूयॉर्क के लोगों के खिलाफ बदले की कार्रवाई शुरू कर सकता है। लोग जाने वाले नहीं हैं, भले ही ट्रंप किसी वजह से मर जाएं।' आपको लोगों को ऊपर उठाना होगा। आपको उन्हें एक साथ लाना होगा। बस। आप लोगों को बांट नहीं सकते।

अस्सी को लेकर शेयर किया वीडियो...

मुंबई। अनुभव सिन्हा के निर्देशन में बनी तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी', इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म को क्रिटिक्स से जबरदस्त प्रशंसा मिली है। वहीं, इसे देखने वाला भी हर इंसान फिल्म की तारीफ कर रहा है। हालांकि, तमाम प्रशंसाओं के बावजूद फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। अब अभिनेत्री तापसी ने फिल्म को लेकर एक वीडियो बनाया है, जिसमें उन्होंने फिल्म को मिल रही तारीफों और रिव्यूज की बात की। वीडियो में तापसी ने 'थप्पड़'से लेकर 'अस्सी'तक के बारे में बात की। साथ ही लोगों से फिल्म देखने की अपील भी की है। तापसी कहती हैं, 'कुछ फिल्में होती हैं, जिनके लिए मैसेज आते हैं कि क्या कमाल की कहानी है। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी होती हैं, जिनके लिए संदेश आते हैं कि ये फिल्म करने के लिए थैंक्यू।

वफादारी पर लिखी दुख भरी बात...

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन न सिर्फ स्क्रीन पर बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी फैंस का दिल जीत लेते हैं, चाहे वो उनके ट्वीट हों या ब्लॉग पर रोजाना की अपडेट। उनके देर रात के पोस्ट अक्सर फैंस का मनोरंजन करते हैं और कभी-कभी उन्हें उलझन में भी डाल देते हैं। हाल ही में, वफादारी पर उनकी एक बात ने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उनके ट्वीट ने फैंस को खूब हंसाया। शुक्रवार (27 फरवरी) की सुबह, एक्टर ने एक वाक्य लिखा जिसने तुरंत सबका ध्यान खींचा। उन्होंने लिखा, 'वफादार लोग दुनिया के हर कोने में मिलते हैं, लेकिन दुर्भाग्य से, पृथ्वी गोल है।' हालांकि, इस कथन का सटीक अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका, लेकिन इसने रिएक्शन्स की बाढ़ ला दी। फैंस ने हंसी और अटकलों के साथ रिएक्शन दिया।

टीवी मसाला

कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसमें है : सुनील

नई दिल्ली। कॉमेडियन सुनील पाल ने एक बार फिर कपिल शर्मा और उनके शो के बारे में बात की है। सुनील ने कहा है कि उन्हें कपिल से कोई शिकायत या मतभेद नहीं है, पर वह उनके शो में तभी जाएंगे, जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील ने कहा कि कपिल के शो में लंगर लगा हुआ है, आधा पंजाब उसी में है। एक समय था जब कॉमेडियन सुनील पाल का खूब जलवा था। वह टीवी पर खूब कॉमेडी करते नजर आते थे, पर काफी समय से न सिर्फ कॉमेडी से दूर हैं, बल्कि किसी प्रोजेक्ट में भी नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि, वह अपने बयानों के कारण सुर्खियों में बने रहते हैं। साल 2024 में सुनील पाल तब सुर्खियों में आ गए थे, जब उन्हें हरिद्वार एक इवेंट में बुलाने के नाम पर कथित तौर पर किडनैप कर लिया गया था और फिरौती की मांग की गई थी। हालांकि, सुनील पाल के कपिल शर्मा संग रिश्ते की भी खूब चर्चा रही है। अतीत में कई मौकों पर सुनील पाल, कपिल शर्मा के शो और उसके कंटेंट पर कटाक्ष करते नजर आए, पर अब सिर्फ तारीफ है। सुनील पाल ने एक पॉडकास्ट में कहा है कि उनका कपिल के साथ कोई मतभेद नहीं है। बल्कि वह तो उन्हें अपने शो में बुलाते रहते हैं, लेकिन वह तभी जाएंगे जब कॉमेडियन को वाकई उनकी जरूरत होगी। सुनील पाल ने हाल ही कपिल शर्मा की तारीफ करते हुए कहा, 'मुझे कपिल शर्मा से कोई शिकायत नहीं है। बल्कि मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं। कपिल पिछले 12 साल से अपना शो चला रहे हैं। वह बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और हमेशा अपने दोस्तों की तरक्की का भी पूरा ख्याल रखते हैं। वह दुनिया के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले कॉमेडियन हैं।'

सर्जरी के बाद घर लौटकर बयां किया दर्द

नई दिल्ली। 'ससुराल सिमर का' फेम एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ भले ही छोटे पर्दे से दूर हैं, लेकिन लाइमलाइट में बराबर बनी रहती हैं। पिछला कुछ वक्त उनके लिए मुश्किल से भरा हुआ भी रहा। पहले दीपिका कक्कड़ को लिवर कैंसर हो गया था और फिर सिस्ट। कैंसर के इलाज के बीच जब एक्ट्रेस को सिस्ट हुआ तो वह फैंस को इसकी जानकारी देते हुए इमोशनल हो गई थीं। हाल ही में दीपिका कक्कड़ ने रिवील किया कि उन्होंने उनकी सिस्ट की सर्जरी हो गई है और वह घर लौट आई हैं। घर लौटने के बाद एक्ट्रेस ने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो शेयर कर फैंस के साथ अपना दर्द बयां किया है। उन्होंने कहा कि उनका सिस्ट 13 एमएम का था, जिसे ईएफए नाम के एक प्रोसेस के जरिए जला दिया गया था। सर्जरी हो गई है, लेकिन दर्द अभी भी है। दीपिका ने आगे कहा, 'कल रात हम घर लौट आए। पूरा प्रोसेस ठीक रहा। लोग आपको तैयार करते हैं कि यह दोबारा हो सकता है। लेकिन, जब यह असल में होता है, तो इससे निपटने में समय लगता है।

भाई तेरा यार है में लीड रोल निभाएंगे राघव, शूटिंग शुरू

मुंबई। डांसर से एक्टर बने राघव जुयाल अपनी जिंदगी के एक नए और बड़े पड़ाव में कदम रख चुके हैं। उन्होंने अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की शानदार सफलता के बाद राघव अब पहली बार बतौर लीड एक्टर किसी फिल्म का हिस्सा बनने जा रहे हैं। इससे पहले वे द बैड्स ऑफ बॉलीवुड और किल फिल्म में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, राघव फिल्म 'भाई तेरा यार है' में नजर आएंगे। इस हफ्ते फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हुई है।

पहले शूटिंग शेड्यूल को बीच में ही रोकना पड़ा था क्योंकि राघव का पैर टूट गया था। उस वक्त पूरी टीम को लंदन से वापस लौटना पड़ा था। अब राघव पूरी तरह ठीक हो चुके हैं और फिल्म की शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। इस फिल्म का निर्देशन विवेक अग्रवाल कर रहे हैं, जो 'आई सी यू' के लिए जाने जाते हैं, जिसमें अर्जुन रामपाल नजर आए थे। राघव के लिए यह फिल्म खास है क्योंकि इससे पहले किल और 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाई थीं, लेकिन 'भाई तेरा यार है' में वह पहली बार लीड रोल में दिखाई देंगे। राघव की झोली में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। वे नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में रावण के बड़े बेटे मेघनाद का किरदार निभाते नजर आएंगे। उनका रोल फिल्म के पार्ट 2 में दिखेगा। इसके अलावा, राघव शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' का भी हिस्सा हैं। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद डायरेक्ट कर रहे हैं। इसमें सुहाना खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म 24 दिसंबर को रिलीज होने वाली है। इसी के साथ राघव 'द पैराडाइज' का भी हिस्सा हैं। इस मल्टीलिंगुअल फिल्म में नानी, कयादू लोहार, मोहन बाबू और सोनाली कुलकर्णी लीड रोल में हैं। यह फिल्म 21 अगस्त को रिलीज होगी।

जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स को लेकर भाग्यश्री ने जताई नाराजगी

मुंबई। भाग्यश्री पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो सोशल मीडिया पर भी खूब एक्टिव रहती हैं। ऐसे में अब एक्ट्रेस अपने एक इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है, जिसमें उन्होंने फिल्मों में दिखाए जाने वाले इंटीमेट सीन्स को लेकर बात की। भाग्यश्री ने 90 के दशक और आज के सिनेमा के बीच के अंतर के बारे में बात की, और कहा कि आज फिल्मों में जबरदस्ती इंटीमेट सीन्स दिखाने की जरूरत नहीं है। इस दौरान जब उनसे पूछा गया कि आज के सिनेमा में उन्हें कौन से बदलाव पसंद हैं और कौन से नहीं, तो भाग्यश्री ने कहा, 'सिनेमा समाज को दिखाता है। 90 के दशक में, यह एकमात्र मनोरंजन था, एकमात्र ऐसी जगह थी जो परिवार को एक साथ समय बिताने का मौका देती थी। आज, परिवार छोटे हो गए हैं, लोग ज्यादा अपने-आप में सोचते हैं, और क्रिएटिव आर्ट के कई तरीके हो गए हैं। इसलिए, चॉइस भी बहुत हैं।' भाग्यश्री ने आगे कहा, 'हालांकि, हर तरह के दर्शकों को खुश करना नामुमकिन हो गया है। फिल्में गुटों, जॉनर, आर्ट फिल्मों वगैरह में बंट गई हैं। मुझे सच में लगता है कि रियलिज्म नया मार्केट है, लेकिन ऐसी करीबी दिखाना जरूरी नहीं है, जिससे आप अपने माता-पिता या बच्चों के साथ बैठकर आसानी से देख नहीं सकें। कहानियां समाज को ध्यान में रखते हुए बिना बोल्डनेस के भी अलग-अलग तरह की और दिलचस्प तरीके से दिखाई जा सकती हैं।' उन्होंने यह भी बताया कि 90 के दशक में, कहानियां ज्यादा पेट्रियार्कल कैरेक्टर से चलती थीं, जिससे शादी के बाद फीमेल एक्टर्स के लिए काम करना कम हो जाता था। उन्होंने आगे कहा कि वर्किंग वुमन अभी भी समाज के लिए एक नया कॉन्सेप्ट है, लेकिन ज्यादा पढ़ी-लिखी महिलाओं के आगे आने से, महिलाओं को कैसे देखा जाता है, इस बारे में सोच बदल गई है। उन्होंने शादी के बाद महिलाओं को काम करने के लिए बढ़ावा देने और सपोर्ट करने के लिए पुरुषों की भी तारीफ की।

रिलीज होंगी सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

इस वीकएंड मिलेगा मनोरंजन का तगड़ा डोज

नई दिल्ली। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है। इसी के साथ यह वीक भी विदा ले रहा है। मगर, मनोरंजन के लिहाज से यह वीकएंड काफी शानदार होने वाला है। होली से पहले मस्ती का भरपूर माहौल है। वहीं, मनोरंजन के लिए ओटीटी पर भी खूब बढ़िया इंतजाम हैं। सस्पेंस से लेकर थ्रिलर और कॉमेडी तक, हर किस्म का ऑप्शन दर्शकों के लिए मौजूद है।

द ब्लफ : बॉलीवुड की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा की हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' ओटीटी पर आ चुकी है। इस वीकएंड आप इसे देख सकते हैं। यह फिल्म 25 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन फ्रैंक ई फ्लॉवर ने किया है। कहानी के केंद्र में एर्सेल 'ब्लडी मैरी'बोडेन (प्रियंका चोपड़ा जोनस) हैं, जो कभी एक खतरनाक समुद्री डाकू रही है।

इक्कीस : दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस फिल्म के जरिए अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने बड़े पर्दे पर डेब्यू किया। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी फिल्म 'इक्कीस' इस साल पहली जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बायोग्राफिकल वॉर ड्रामा फिल्म है, जो सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल पर आधारित है। अगस्त्य नंदा ने लीड रोल अदा किया है। यह फिल्म गुरुवार 26 फरवरी को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई।

इक कुड़ी : यह शहनाज गिल अभिनीत फिल्म है। इसमें शहनाज ने दोहरी भूमिका अदा की है। यह फिल्म 31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और दर्शकों से इसे अच्छा रेस्पॉन्स मिला था। 26 फरवरी को यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म चौपाल पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म को देख सकते हैं।

अक्यूज्ड : कोंकणा सेन शर्मा और प्रतिभा रांटा अभिनीत फिल्म अक्यूज्ड भी इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर 27 फरवरी से स्ट्रीम हो गई है। 'अक्यूज्ड' पोलैंड में सेट सस्पेंस ड्रामा है।

साइको सैयां : इसके अलावा इस वीकएंड पर रोमांटिक थ्रिलर सीरीज 'साइको सैयां' भी देखी जा सकती है। तेजस्वी प्रकाश, रवि किशन और अनुद सिंह ढाका जैसे सितारों से सजी इस सीरीज ने 24 फरवरी को प्राइम वीडियो पर दस्तक दी।

क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम : *मराठी फिल्म 'क्रांतिज्योति विद्यालय मराठी माध्यम' ने सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर भी उपलब्ध है। हेमंत धोमे के निर्देशन में बनी इस फिल्म को दर्शक आज शुक्रवार 27 फरवरी 2026 से जी5 पर देख सकते हैं। इस फिल्म की कहानी इंग्लिश मीडियम स्कूलों की वजह से मराठी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या के मुद्दे को दिखाती है। इसमें दिखाया गया है कि स्कूल के पुराने छात्र और शिक्षक संस्था को बचाने के लिए साथ आते हैं। फिल्म में सचिन खेड़ेकर, अमेय वाघ, सिद्धार्थ चंदेकर, प्राजक्ता कोली, क्षिति जोग, कादंबरी कदम और हरीश दुधाड़े जैसे सितारे अहम रोल में हैं।*

संगमरमर : *सूरज बड़जात्या के राजश्री प्रोडक्शन के बैनर तले बनी यह सीरीज इस वीक की लिस्ट के लिए शानदार ऑप्शन है। यह कई पीढ़ियों की फैमिली ड्रामा सीरीज है। इसमें अमृता (शीन सविता दास) की कहानी है। उसकी जिंदगी परिवार की जिम्मेदारी और आदित्य (सौरभ राज जैन) के साथ प्यार के बीच एक अहम चुनाव से बदल जाती है। इस सीरीज को परिवार के साथ देखा जा सकता है। 26 फरवरी को यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई।*

खबर संक्षेप

गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में गांव मिताथल स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संवर्धन कार्यक्रम के अंतर्गत गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से गर्भवती महिलाओं को पोषण की पोटली एवं सतरंगी पोषण थाली भेंट कर उनकी गोद भराई की रीति-रिवाज पूरी गई। इस पोषण पोटली में गुड़, चना, हरी पत्तेदार सब्जियां, आयरन की गोलियां, पौष्टिक आहार तथा विभिन्न प्रकार के फल शामिल रहे।

घर बैठे आयुष्मान कार्ड बनाएंः डीसी

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत लाभार्थी घर बैठे बेनेफिशरी.एनएचए.जीओवी.इन या आयुष्मान मोबाइल ऐप के माध्यम से भी अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए सबसे पहले पात्रता जाँच आवश्यक है। इसके लिए लाभार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर या आयुष्मान एप डाउनलोड कर अथवा नजदीकी सीएससी सेंटर पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि नाम एसईसीसी डेटाबेस में दर्ज है, तो संबंधित व्यक्ति योजना के लिए पात्र माना जाएगा।

रामप्रसाद राठौड़ की पत्नी सुनीता का निधन

भिवानी। बिचला बाजार स्थित नाई क्लालो की गली निवासी समाजसेवी रामप्रसाद राठौड़ की पत्नी सुनीता देवी का 67 साल की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। सुनीता धार्मिक प्रवृत्ति की धर्मपरायण महिला थी, वे नित्य पूजा पाठ व सुबह-शाम सैर करना उनकी दिनचर्या में शामिल था। स्वर्गीय सुनीता अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं, उनके अंतिम संस्कार में शहर से मौजिज लोगों ने पहुंचकर शोक जताया। हमेशा ही हंसमुख रहने वाली सुनीता मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थी।

100 यूनिट रक्त एकत्रित एवं आठ रमैणी शादी हुई

भिवानी। संत रामपाल महाराज के सान्निध्य में संत गरीब दास महाराज का बोध दिवस पर्व कालुवास मोड स्थित सतलोक आश्रम में धूमधाम से मनाया। 26 फरवरी से शुरू हुआ तीन दिवसीय समागम 28 फरवरी तक जारी रहेगा। सतलोक आश्रम की प्रबंधन सेवा समिति के सेवादारों ने बताया कि आश्रम परिसर में कई आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है और तीन दिनों तक भंडारा लगातार जारी रहेगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को शिविर में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कुल 100 यूनिट रक्तदान किया। वहीं आठ जोड़े बिना किसी दहेज के रमैनी (सादगीपूर्ण विवाह) के बंधन में बंधे और उन्होंने दहेज जैसी कुप्रथा को त्यागने का सशक्त संदेश दिया।

शहीद चंद्रशेखर आजाद को किया नमन

लोहारू। लघु सचिवालय परिसर में करोड़ों रुपयों की बकाया बीमा क्लेम राशि के भुगतान के लिए किसानों का अनिश्चितकालीन महापड़ाव शुक्रवार को 227वें दिन में प्रवेश कर गया। किसानों ने शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर उन्हें नमन किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। अभाकिसा मास्टर शेरसिंह ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद ने हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के संस्थापक रामप्रसाद बिस्मिल और शहीद-ए-आजम भगत सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश को ब्रिटिश शासन से मुक्ति दिलाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। इसी संघर्ष के दौरान उन्होंने अल्फ्रेड पार्क में अंग्रेजों से लोहा लेते हुए जब उनके पिस्टल में आखिरी गोली शेष रही तो स्वयं को गोली मार कर अंग्रेजों की गिरफ्तारी से पहले ही शहीद हो गए।

होली पर चंद्रग्रहण का साया 3 मार्च को बनेगा, सदी का खास संयोग : रामकिशन

यह चंद्र ग्रहण कोई साधारण खगोलीय घटना नहीं, ब्लड मून के रूप में देगा दिखाई

अंक ज्योतिष के अनुसार, आपकी जन्मतिथि से तय होता है कि यह ग्रहण आपके लिए क्या लेकर आ रहा है

विष्णुदत्त शास्त्री ▶▶ तोशाम

3 मार्च को पड़ने वाला चंद्रग्रहण कोई साधारण खगोलीय घटना नहीं है। यह ब्लड मून के रूप में दिखाई देगा। यह जानकारी देते हुए तोशाम के दक्षिणमुखी संकटमोचन मेहंदीपुर बालाजी दरबार के महंत पंडित रामकिशन महाराज ने बताया कि इस चंद्रग्रहण की सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार यह होली के दिन पड़ रहा है। कई साल बाद ऐसा दुर्लभ संयोग बन रहा है जब होली के हुड़दंग के बीच आसमान में ग्रहण का साया होगा। उन्होंने बताया कि अंक ज्योतिष के अनुसार, आपकी जन्मतिथि से तय होता है कि यह ग्रहण आपके लिए क्या लेकर आ रहा है।

पंडित रामकिशन ने बताया कि अबकी बार होली सिर्फ रंगों और खुशियों की वजह से ही खास नहीं होगी, बल्कि इस बार आसमान में भी एक अनोखा नजारा देखने को मिलेगा। मान्यता है कि ऐसा दुर्लभ संयोग लगभग 100 साल बाद बन रहा है। उनका कहना था कि इस साल होली का पर्व एक विशेष खगोलीय घटना के साथ जुड़ रहा है। 3 मार्च को साल का पहला चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है और खास बात यह है कि यह रंगों के त्योहार होली के आसपास पड़ रहा है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण का प्रभाव पूजा-पाठ, रंग खेलने और दैनिक कार्यों पर भी पड़ सकता है।

भारत में लगने वाले चंद्र ग्रहण में क्या सूतक काल लगेगा

उन्होंने ने बताया कि 3 मार्च को लगने वाला चंद्र ग्रहण भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई देगा, जिसके कारण इसका धार्मिक और ज्योतिषीय महत्व बढ़ जाता है। ग्रहण का समय 3 मार्च को दोपहर 03:19 बजे से शुरू होकर शाम 06:47 बजे तक रहेगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल ग्रहण से लगभग 9 घंटे पहले शुरू हो जाता है, यानी 3 मार्च की सुबह से ही सूतक प्रभावी माना जाएगा और उसी अनुसार पूजा-पाठ व अन्य कार्यों में सावधानी बरतनी होगी।

जरूरी सावधानियां...

पंडित रामकिशन के अनुसार ग्रहण के दौरान गर्भवती महिलाओं को विशेष सावधानी रखने की सलाह दी गई है। उन्होंने बताया कि ग्रहण काल में भोजन न करें यदि आवश्यक हो तो पहले से तैयार भोजन में तुलसी के पत्ते डालकर रखें। ग्रहण समाप्त होने के बाद स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। घर में गंगाजल का छिड़काव करें जिससे वातावरण शुद्ध होता है। मंदिरों के कपाट ग्रहण काल में बंद रखें। ग्रहण के दौरान तुलसी, पीपल, बरगद आदि

पंडित रामकिशन।

पवित्र पौधों को न छुएं। घर के मुख्य द्वार के पास पड़े पुराने, फटे या अनुपयोगी जूते चप्पल वास्तु दोष का कारण बन सकते हैं उन्हें हटा दें। वहीं घर के अंदर रखे सूखे या मुरझाए पौधे नकारात्मकता का संकेत हैं उन्हें हटा दें। यदि घर में कोई घड़ी बंद पड़ी हो तो उसे तुरंत ठीक करवा लें या हटा दें। रुकी हुई घड़ी करियर और आर्थिक उन्नति में रुकावट का संकेत देती है। यदि घर के मंदिर में कोई मूर्ति थोड़ी सी भी चटक गई हो अर्थात खंडित हो गई हो तो ग्रहण से पहले उसे सम्मानपूर्वक हटा दें और उसे विसर्जित कर दिया जाए।

प्रमोद सिविल प्रोटेक्शन लीगल सर्विसेज के प्रदेश अध्यक्ष बने

भिवानी। नागरिक सुरक्षा कानूनी सेवाएं ने हरियाणा में अपनी पकड़ मजबूत करने एवं अपराध मुक्त राष्ट्र के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए संगठन का विस्तार किया है। इसी कड़ी में संगठन के संस्थापक छोटू राजभर के निर्देशानुसार नेशनल चीफ डायरेक्टर (विजिलेंस एंड क्राइम सेल) राकेश सोनी ने भिवानी निवासी प्रमोद कुमार को प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि वे राज्य में केंद्र व राज्य सरकार और न्यायपालिका के सहयोग से समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार और अपराध को नियंत्रित करने, तस्करी, जाली मुद्रा, और पीड़ित व्यक्तियों को न्याय दिलाने का काम करेंगे।

सीबीएलयू में भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन

युवाओं की अभिव्यक्ति में और अधिक स्पष्टता आएगीः कुलपति

युवा सही और गलत की पहचान कर इनमें अंतर करना सीखें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी। आयोजित कार्यक्रम मेंसम्मानित करते हुए।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के माय भारत द्वारा चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का आयोजन कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी ने कहा कि माय भारत ने यूथ पार्लियामेंट का आयोजन कर युवाओं को अपनी अभिव्यक्ति का बेहतर मंच प्रदान किया है।

इस आयोजन से युवाओं की अभिव्यक्ति में और अधिक स्पष्टता आएगी। उन्होंने कहा कि सशक्त युवाओं के दम पर ही विकसित भारत की संकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के माध्यम से युवाओं को और अधिक सशक्त एवं सबल बनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार भी युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। युवा सही और गलत की पहचान कर इनमें अंतर करना सीखें। अपने विचारों को स्पष्ट, परिपक्व करें।इस तरह की प्रतियोगिताओं के आयोजनों से विचारों में और अधिक स्पष्टता एवं निखार आता है।

संयोजक डीन प्रो संजीव कुमार ने कहा कि यूथ पार्लियामेंट युवाओं का मंच है इसमें युवाओं को आगे बढ़ने के अनेक अवसर मिल रहे हैं।

पांच युवाओं का चयन होगा

डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक ने कहा कि युवा अपनी झिझक खत्म कर अपनी अभिव्यक्ति में और अधिक स्पष्टता लाएं। माय भारत के जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने यूथ पार्लियामेंट की विस्तृत जानकारी देते हुए इसमें युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस यूथ पार्लियामेंट में पांच युवाओं का चयन किया जाएगा जो प्रदेश स्तरीय यूथ पार्लियामेंट में भिवानी का प्रतिनिधित्व करेंगे।

पोर्टल से जुड़ें युवा

यूथ आइकॉन धीरज बपौड़ा ने युवाओं को माय भारत पोर्टल पर युवाओं को जुड़ने के लिए आहुवान किया और इवेंट सेक्शन में जाकर कार्यक्रमों में हिस्सा लें। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ सुरेश मालिक, नेशनल अवॉर्डी अशोक भारद्वाज, ब्रांड एंबेसडर धीरज बापौड़ा , डॉ समुंदर हुड्डा,कुलबीर रहे। मंच का संचालन परमिंदर ने किया। यूथ पार्लियामेंट में 22 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया और भाग लिया। इस अवसर पर डॉ स्नेहलता, डॉ लखा सिंह,डॉ दीपक कुमारी, पीआरए ऋषि शर्मा, कुलदीपक, जितेंद्र सैनी, प्रवीण गोलागढ़ आदि मौजूद रहे।

पंडित सीताराम शास्त्री की जयंती मनाई

- पंडित सीताराम शास्त्री द्वारा लगाए गए वटवृक्ष ने भिवानी को बनाया शिक्षा का काशी : डा. शिव शंकर भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भिवानी। जयंती पर बच्चों में मिठाई बांटते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

श्रीहरियाणा शेखावटी ब्रह्मचार्याश्रम ट्रस्ट द्वारा महान शिक्षाविद् और समाजसेवी पंडित सीताराम शास्त्री की 162वीं जयंती अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ ट्रस्ट की चारों शिक्षण संस्थाओं द्वारा सामूहिक रूप से शुक्रवार को महम गेट स्थित आश्रम परिसर में मनाई गई। संस्कृत की पावन यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-यज्ञ के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जिसमें शिक्षा और समाज कल्याण के शास्त्री के संकल्प को दोहराया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक डा. शिवशंकर भारद्वाज ने पंडित सीताराम शास्त्री के शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए बताया कि पंडित सीताराम ने इस विशाल शिक्षण संस्थान की नींव एक वटवृक्ष के नीचे मात्र 5 बच्चों को पढ़ाकर रखी थी।

पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

कार्यक्रम का आरंभ हिमांशु सेमवाल और डॉ. बलवंत वत्स के सान्निध्य में संपन्न हुए विशेष हवन से हुआ। इस दौरान वातावरण भक्तिमय रहा और उपस्थित गणमान्य जनों ने पंडित सीताराम शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

एसडीएम की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

चरखी दादरी। शुक्रवार को एसडीएम योगेश सैनी ने लघु सचिवालय हाल में समाधान शिविर के संबध में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने आयोजित शिविर में प्राप्त शिकायतों की जानकारी प्राप्त की तथा लंबित शिकायतों के निपटान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पहले प्रिंसिपल सेक्रेटरी सीनियर आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उन्होंने समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए।

शादी की 25वीं वर्षगांठ पर कराया जरूरतमंदों को भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

गांव पुर में जन्मे और स्वास्थ्य विभाग में पदोन्निति पाकर स्वास्थ्य निरीक्षक बने नेशनल अवार्डी डॉ. राजेश सनसनीवाल ने अपनी जीवन संगीनी सुनीता सनसनीवाल संग 25वीं वर्षगांठ को अलग तरीके से मनाकर सभी को अनूठा रास्ता दिखाने का कार्य किया।

उन्होंने शिक्षा विभाग में अलग-अलग पदों पर पदोन्निति पाकर एवं सेवानिवृत प्राचार्य राजेन्द्र सिंह कालीकट व श्रीराम जांगड़ा, विकास, राजेश सनसनीवाल, सुनीता देवी, शुभम सनसनीवाल, शकुंतला प्रधान, सीमा बंसल, बबीता तवंर आदि संग मिलकर अपनी 25वीं वर्षगांठ पर भिवानी के प्रणामी मंदिर में वृद्धा आश्रम एवं जरूरतमंद लोगों के साथ मनाकर उन्हें भोजन कराया। उन्होंने बताया कि अंधाधुंध समय मे लोग लाखों रुपए खर्च करते हैं लेकिन जरूरतमंदों की तरफ कोई ध्यान नहीं देता।

बाबा की मनोहारी झांकियां निकाली

- सुबह से लेकर शाम तक क्षेत्र के लोग उमंग, उल्लास और श्रद्धाभाव में डूबे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

बहल। अलख बाबा की झांकी में नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। *फोटो: हरिभूमि*

फागुन वार्षिक महोत्सव में शुक्रवार को श्याम और अलख बाबा की मनोहारी झांकियां निकाली गई। सुबह से लेकर शाम तक क्षेत्र के लोग उमंग, उल्लास और श्रद्धाभाव में डूबे रहे। दोनों झांकियों के आयोजन से पूरे दिन कस्बे में भक्तिभाव की रसधारा बहती नजर आई। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे श्री अलख आश्रम से सिद्ध बाबा रातिगिरि महाराज की झांकी शुरू हुई। झांकी में गणेश जी, राम दरबार, श्याम जी, हनुमान जी की वेशभूषा में सजेधजे कलाकार देवों का सजीव चित्रण कर रहे थे। कलाकार द्वारा किया गया शिव बाबा का तांडव नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा और लोगों ने इसकी सराहना की।

श्याम मंदिर पहुंची झांकी

वहीं, श्याम बाबा की झांकी की शुरुआत शाम करीब चार बजे श्याम मंदिर से हुई। यात्रा पुराना बाजार, पिलानी रोड, मैन बाजार, पुरानी मंडी, डॉ. सदानंद चावला अस्पताल से श्याम भवन के आगे से होती हुई श्याम मंदिर पहुंची।

हरकोफैड ने सिखाए जैविक खेती के गुर

- किसान केवल अन्नदाता नहीं, सफल उद्यमी बनाना सीएम पैक्स का उद्देश्य : प्रविंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

चरखी दादरी। प्रशिक्षण शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी में जानकारी देते विशेषज्ञ।

हरियाणा राज्य सहकारी विकास संघ (हरकोफैड) द्वारा गांव दाढ़ी बाना में प्रशिक्षण शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य किसानों को पारंपरिक खेती के बजाय जैविक खेती और सहकारिता के माध्यम से स्वावलंबी बनाना रहा। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों और सहकारी अधिकारियों ने शिरकत कर किसानों को आधुनिक खेती की बारीकियों से रूबरू करवाया। शिविर में हरकोफैड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिवाच ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में रसायनों का बढ़ता प्रयोग न केवल जमीन की ऊर्वरा शक्ति को खत्म कर रहा है, बल्कि मानव स्वास्थ्य के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने जैविक उत्पादों की बढ़ती मांग और इसके आर्थिक लाभों पर प्रकाश डाला। पूर्व कृषि अधिकारी राजेंद्र कौशिक और जिला तकनीकी अधिकारी जिलेसिंह ने मिट्टी की जांच के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि किसान कम लागत में प्राकृतिक खाद तैयार कर अपनी फसल की गुणवत्ता सुधार

जानकारी दी

डॉ. मनोज शास्त्री व बलराज मिर्च ने भी जैविक खेती के प्रयोगात्मक पहलुओं और इससे जुड़ी सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी सांझा की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार को लेकर मुख्यमंत्री प्राथमिक कृषि सहकारी समिति की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि सीएम पैक्स केवल खाद-बीज वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि अब इसे एक मल्टी-सर्विस सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। ग्रामीण युवाओं के लिए पैक्स के तहत कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउसिंग और डेयरी उत्पादों की मार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में स्वरोजगार के बेहतरीन अवसर पैदा हो रहे हैं।

बीपीडी धाम पर रक्तदान शिविर में उमड़े रक्तदाता

बाढड़ा। जेवली के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बीपीडी धाम पर शुक्रवार को प्रथम दिन धार्मिक समागम में हजारों श्रवलुओं ने पहुंच कर मत्था टेका तथा वहां आयोजित रक्तदान शिविर में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भागीदारी कर रक्तदान किया। कार्यक्रम में पंचायत समिति चेयरमैनदर्शना आनंद डालावास व बीडीपीओ दीपक शर्मा ने गांव में नवनिर्मित गली, सहित अन्य 50 लाख की विकास योजनाओं कर उद्घाटन किया। चेयरमैन दर्शना आनंद डालावास ने जेवली में बीडीपीओ दीपक शर्मा की अध्यक्षता में निर्मित गली निर्माण, कवर शेड्, मंदिर प्रांगण में टाइल कार्य आदि योजनाओं का उद्घाटन किया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बीपीडी धाम महाराज रामानंद पूरी के सानिध्य में आज भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

सुविधा विभाग ने टेंडर छोड़ा, ठेकेदार ने काम किया शुरू

अब बवानीखेड़ा में गली के अंतिम छोर तक पहुंचेगा पीने का पानी

काफी वर्षों से पीने के पानी के लिए शहरवासियों को करना पड़ रहा था परेशानियों का सामना

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶ बवानीखेड़ा

बवानीखेडा। बवानीखेड़ा में पीने के पानी की पाइपलाइन। *फोटो: हरिभूमि*

बवानीखेड़ा शहरवासियों को पीने के लिए बार-बार नाराजगी जताते हुए रोष प्रदर्शन नहीं करने पड़ेगे। अब हर गली के अंतिम छोर तक पीने का पानी पहुंचेगा। जिसके लिए विभाग ने पाइपलाइन बिछवाना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि काफी वर्षों से पीने के पानी के लिए शहरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके लिए उन्होंने विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री सहित विभाग को भी प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अमल करते हुए पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई गई। इस कार्य के लिए विभाग ने टैंडर छोड़कर ठेकेदार को आदेश दिए हैं जिसके चलते ये कार्य युद्धस्तर पर जारी हो चुका है। विभाग के कर्मचारी व अधिकारी समय समय पर मौके का निरीक्षण भी कर रहे हैं। ताकि किसी प्रकार की समस्या आने पर उसका समाधान किया जा सके।

विधायक व चेयरमैन ने कहा शहर में विकास की गंगा बहने लगी है

विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि शहर में सीवरेज प्रणाली को दुरूस्त करने का कार्य चल रहा है। पीने के पानी की जरूरतमंद स्थानों पर व्यवस्था करवाई जा रही है। शहर में विकास की गंगा बहनी शुरू हो गई है। उन्होंने बताया कि शहर में विकास कार्यों को लेकर किसी प्रकार समस्या के लिए लोगों दरवाजे हरदम खुले हैं।

29 करोड़ के करीबन रॉ वाटर सिस्टम, 12 करोड़ का जारी टैंडर

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ट अभियंता सचिन कौशिक ने बताया कि बवानीखेड़ा में सुंदर नहर से नई पाइपलाइन आदि रॉ वाटर सिस्टम प्रणाली का 29 करोड के करीबन एस्टीमेंट बनाकर भेजा गया था जो स्वीकृत हुआ जिसमें नए टैंक, पाइपलाइन, रिनोवेशन आदि कार्य शामिल है और 12 करोड़ का पाइपलाइन आदि का टैंडर छोड़ा गया है। शहर के विभिन्न वार्डों में पाइपलाइन बिछाने का कार्य बदस्तूर जारी है। शहर में पीने के पानी की समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

नई लाइन बिछाने का कार्य जारी

बवानीखेड़ा में वार्ड 13, 14, 15, 16, बिजली निगम के पास, पुर रोड़ के समीप, शहीद गुलाब सिंह पार्क के सामने आदि अन्य अनेक वार्डों में जहां सीमिटेड, प्लास्टिक एसी, पीवीसी पाइपलाइन है उन्हें बदलने का कार्य किया जा रहा है इसके अलावा जहां का मांग के अनुसार एस्टीमेट बनाया गया था वहां पर पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाई जा रही है जिससे शहरवासियों के चेहरों पर भी खुशी साफ दिखाई दे रही है। शहरवासियों ने भी बताया कि विभाग ने उनकी सुध ली है।

सुनीता दुग्गल को राज्यसभा भेजने की उठाई मांग

बवानीखेड़ा। गांव जताई में धानक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों, युवाओं एवं वरिष्ठजनों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रतिभा विकास मंच के जिला मीडिया प्रभारी एवं समाजसेवी सुमित नागर जताई ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल को राज्यसभा में भेजे जाने की मांग उठाई गई। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि सुनीता दुग्गल ने अपने कार्यकाल के दौरान समाज और क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सुमित नागर जताई ने कहा कि धानक समाज ने हमेशा राष्ट्रहित और समाज हित को सर्वोपरि रखा है और समाज हित के काम किए हैं।

खबर संक्षेप

विद्यार्थियों को कानूनी अधिकार बताए

भिवानी। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कानूनी दिशाएं कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में किया गया।

'आत्महत्या' समाज की अंतरात्मा पर गहरा घाव

भिवानी। वैश्य महाविद्यालय प्रबंधन के कुशल नेतृत्व एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.संजय गोयल के मार्गदर्शन एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी की संयोजक हिंदी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कामना कौशिक के संयोजन एवं आयोजन सचिव बोटिनी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.मोहनलाल की देख रेख में वैश्य महाविद्यालय भिवानी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा"आत्महत्या : समाज की अंतरात्मा पर गहरा घाव - दोषी कौन " विषय पर उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा से अनुमोदित एक दिवसीय बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 28 फरवरी को प्रातः10 बजे से वैश्य महाविद्यालय भिवानी के सेमिनार हॉल में किया जा रहा है।

नारी, किसान, युवा हितों की रक्षा करने में भाजपा विफल

बाढड़ा। केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार विकास, रोजगार व महिला सुरक्षाकी बजाए केवल भ्रम फैलाने में अव्वल रही है। आज नारी उत्पीडऩ व बेरोजगारीमें पुरे देश में प्रदेश प्रथम पायदान पर है जो विफल सरकार का प्रमाण है। आज जनता बिजली पानी, खाद, बीज मुआवजे, बेरोजगार अपने रोजगार तो विद्यार्थीस्कूल कालेजों में शिक्षकों के इंतजार में अपना मौजूदा समय नष्ट कर रहे हैं।

सरल निवासी व्यक्ति ने लगाई फांसी

तोशाम। शादी का झांसा देकर होटल के कमरे में ले जाकर लड़की के साथ अश्लील वीडियो बनाकर पैसे की मांग करने के मामले में सरल निवासी एक व्यक्ति ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक के भाई ने इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मृतक के भाई दलबीर ने बताया कि उसका भाई कृष्ण मेहनत मजदुरी का काम करता था। कृष्ण कई दिनो से किसी दवाब के कारण तंग व परेशान चल रहा था।

सरकार अमेरिका के साथ ट्रेड डील को शीघ्र रद्द करे

बाढड़ा। अमेरिका के साथ ट्रेड डील से कृषि क्षेत्र पूरी तरह से तबाह हो जाएगा। केंद्र सरकार को अमेरिका के साथ ट्रेड डील को शीघ्र रद्द करना चाहिए। ट्रेड डील कृषि क्षेत्र व किसानों के हितों पर सीधा कुठाराघात है। किसान इसे किसी सूरत में बर्दाश्त नही करेंगे। यह बात किसान नेता कामरेड रामपाल, राजकुमार हड़ौदी, श्योराणखाप पच्चीस अध्यक्ष बिजेंद्र बेरला, नसीब मोद व भूप सिंह दलाल ने संयुक्त किसान मोर्चा के अनाज मंडी में 223वें दिन धरने को संबोधित करते हुए कही।

अड़चनों पर विराम, दिसम्बर 26 तक हो जाएगा आरओबी का कार्य मुकम्मल

'यूटीलिटी शिफ्टिंग' ने रोके थे आरओबी के कदम

विधानसभा में विधायक सर्राफ ने मंत्री गंगवा से मांगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विधायक घनश्याम सर्राफ ने विधानसभा सत्र के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 709 पर बन रहे आरओबी के निर्माण में धीमी से कार्य चलने के कारण की जानकारी मांगी। विधायक सर्राफ का तर्क था कि पुल के निर्माण न होने से रोजाना हजारों वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी उठानी पड़ती है। यहां तक फाटक बंद होने के बाद वाहन चालकों को जाम की समस्या भी झेलनी पड़ी है। इस पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने बताया कि प्रदेश सरकार की तरफ से आरओबी के निर्माण में कोई ढिलाई नहीं है। साथ ही उन्होंने रेलवे के अधिकारियों से बातचीत करके बताया कि यूटीलिटी शिफ्टिंग की वजह से पुल के निर्माण में देरी हुई है। अब उक्त पुल का निर्माण 31 दिसम्बर तक पूरा करने की उम्मीद जताई है। उल्लेखनीय है कि विधायक घनश्याम सर्राफ ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर बन रहे आरओबी का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिससे हर वाहन चालक व व्यक्ति को परेशानी उठानी पड़ रही है। उसके जवाब में मंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार की तरफ से कोई ढिलाई नहीं है। वहीं रेल विभाग के कार्यकारी अभियंता ने सवाल के जवाब में बताया कि यूटीलिटी शिफ्टिंग (पानी की लाइन, बिजली की लाइन व अन्य जरूरी चीजें)की वजह से निर्माण कार्य में देरी हुई है। अब उनका समाधान हो चुका है। दिसम्बर तक निर्माण कार्य ही पूरा करवा दिया जाएगा। करीब ढाई साल पहले पुराने पुल को तोडकर उसकी जगह नया पुल बनाने का कार्य शुरू हुआ था। तभी से इस पुल पर निर्माण कार्य जारी है।

भिवानी। विधानसभा में आरओबी की मांग उठाते विधायक घनश्याम सर्राफ व रेलवे ओवरब्रीज न बनने से फाटक पर लगी वाहनों की कतारें। *फोटो : हरिभूमि*

- पुल का निर्माण 31 दिसम्बर तक पूरा करने की उम्मीद जताई

फाटक बंद होने पर फंस जाते हैं पांच सौ वाहन

बताते है कि रेवाड़ी से भिवानी के बीच में दिन में तीन से चार रेलगाड़ियों का आवागमन होता है। इस दौरान फाटक बंद कर दी जाती है। लोहारू व दादरी की तरफ जाने वाले सभी वाहन इसी पुल या फाटक से निकलते है। एक बार फाटक बंद कर दी जाती है सड़क के दोनों तरफ करीब पांच सौ से ज्यादा वाहनों की लाइनें लग जाती है। उन वाहनों के पटरी पर आने के लिए कम से कम आधे घंटे का समय लगता है। इस दौरान जाम की स्थिति बन जाती है। वाहनों की व्यवस्था पटरी पर आती है तो उसके कुछ देर बाद कभी भिवानी तो कभी रेवाड़ी की तरफ जाने वाली रेलगाड़ी पहुंच जाती है। जिसके चलते वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी सहनी पड़ रही है।

क्या कहते हैं विधायक सर्राफ

विधायक घनश्याम सर्राफ ने बताया कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग 709 पर बन रहे आरओबी में देरी का क्या कारण है। इस पर मंत्री ने बताया कि यूटीलिटी शिफ्टिंग की वजह से देरी हुई है। अब सारी अड़चने दूर हो चुकी है। अब दिसम्बर 26 तक उक्त आरओबी का कार्य मुक्कमल होने की उम्मीद है। उसके बाद शहर में वाहन चालकों को कोई परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

ढांगर ने खरक को सात विकेट से हराकर ट्रॉफी पर किया कब्जा

भिवानी। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

- ग्रामीणों के सहयोग से बना खेल महोत्सव, लालावास में सात दिवसीय लेट एमबी क्रिकेट प्रतियोगिता सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गांव लालावास में ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से युवा विकास मंडल के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय लेट एमबी क्रिकेट प्रतियोगिता उत्साह और खेल भावना के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। पूरे सप्ताह चले इस आयोजन में क्षेत्र के विभिन्न गांवों की टीमों ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा, जिससे आयोजन एक खेल महोत्सव का रूप ले सका।

फाइनल मुकाबला ढांगर और खरक की टीमों के बीच खेला गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मैदान में उपस्थित रहे। रोमांचक मुकाबले में ढांगर की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम की। खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क का उत्कृष्ट परिचय दिया। विजेता और उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। मास्टर मनोज कुमार लांबा, एसआई सतीश निमड़ीवाली, योगेश फौजी, विनोद वर्मा लालावासिया, असलम खान, सलीम खान, रविन्द्र जाखड़ (किसान नेता), अजय , सुनील वेद (जुई), मोहित शर्मा तथा योगेश फौजी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित

ग्राम पंचायत लालावास और युवा विकास मंडल के सदस्यों ने बताया कि इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को नशे से दूर रखकर सकारात्मक दिशा में प्रेरित करती हैं। ग्रामीणों के सहयोग और खिलाड़ियों के उत्साह से यह आयोजन यादगार बन गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

सेवानिवृति पर शिक्षा विभाग के उपाधीक्षक को किया सम्मानित

- बल्हारा ने 15 मई 2013 को कुरूक्षेत्र के बीड कालवा में बतौर लिपिक से सरकारी सेवाएं शुरू की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल व सहायक डीईओ राजबाला की अध्यक्षता में लघु स्थित कार्यालय में उपाधीक्षक कुलदीप बल्हारा की सेवानिवृति पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

बल्हारा 15 मई 2013 को कुरूक्षेत्र के बीड कालवा में बतौर लिपिक से सरकारी सेवाएं शुरू की थी। उसके बाद दिसंबर 2017 को रोहतक, 2018 में बीईओ कार्यालय बौंद कलां में बतौर सहायक के पद पर पदोन्नति उपरांत मई 2025 को भिवानी में उपाधीक्षक बने। शुक्रवार को वे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए हैं। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी विनय जिंदल व सहायक डीईओ राजबाला ने कहा कि शिक्षा विभाग में कार्यरत श्री बल्हारा अपनी सराहनीय सेवाओं के पश्चात लगभग 13 वर्ष नौकरी कर सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री बल्हारा की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और सरल स्वभाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में विभागीय दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ किया।

भिवानी की काव्या ने अश्मिता पेंचक सिलॉट लीग में जीता रजत पदक

- काव्या बेहद अनुशासित और मेहनती खिलाड़ी है : कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

देश की राजधानी दिल्ली के तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में आयोजित अश्मिता खेलो इंडिया पेंचक सिलॉट लीग (नॉर्थ जोन) में खेल नगरी की उभरती हुई खिलाड़ी काव्या ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। 23 व 24 फरवरी को आयोजित प्रतियोगिता में काव्या ने शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक अपने नाम किया। उपलब्धि के साथ ही काव्या को पदक के साथ पुरस्कार राशि से भी सम्मानित किया। उनकी जीत ने न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे भिवानी और उनकी अकादमी का नाम रोशन किया है। काव्या की सफलता के पीछे कोंट रोड स्थित स्पोर्ट्स अकादमी के कोच दीपक का कड़ा परिश्रम एवं मार्गदर्शन रहा है। काव्या की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कोच दीपक ने कहा कि काव्या बेहद अनुशासित और मेहनती खिलाड़ी है। उसने रिंग में जिस तकनीक एवं फुर्ती का परिचय दिया, वह उसकी महीनों की ट्रेनिंग का नतीजा है। अश्मिता जैसी लीग बेटियों को बड़ा मंच प्रदान कर रही है, जहां वे अपनी आत्मरक्षा के कौशल को खेल के माध्यम से दुनिया को दिखा सकती हैं। हमारा लक्ष्य अब काव्या को नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल के लिए तैयार करना है।

कोच के साथ खिलाड़ी काव्या।

शिक्षा बोर्ड से दो अधिकारी बालकिशन और बलवान हुए सेवानिवृत

भिवानी। शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से बालकिशन एवं बलवान सिंह अधीक्षक पद से सेवानिवृत हुए। शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार ने दोनों अधिकारियों को सेवानिवृति पर शुभकमनाएं दी और उनके कार्यों की सराहना की तथा उनके सुखमय एवं आनंदमय जीवन की कामना की। उन्होंने बताया कि बालकिशन अधीक्षक 31 वर्ष सात महीने 14 दिन एवं बलवान सिंह अधीक्षक 30 वर्ष छह महीने 23 दिन तक बोर्ड में अपनी सेवाएं देने उपरान्त सेवानिवृत हुए हैं। बोर्ड प्रशासन ने अधिकारियों को भेंट स्वरूप स्मृति चिह्न व उपहार देकर बोर्ड से सेवानिवृत किया।

भिवानी। शिक्षा बोर्ड अधिकारी बालकिशन व बलवान को स्मृति चिन्ह भेंट करते साथी।

सीएम पैक्स एसोसिएशन ने सांसद धर्मबीर को केंद्र में मंत्री बनाने की उठाई मांग

भिवानी। हरियाणा में विकास एवं सांगठनिक नियुक्तियों को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई है। एक तरफ भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में शिक्षा और बुनियादी ढांचे को लेकर सांसद धर्मबीर सिंह के प्रयासों की सराहना हो रही है, वहीं सीएम पैक्स एसोसिएशन ने बड़ी राजनीतिक मांग उठाई है। सीएम पैक्स एसोसिएशन ने भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह के कार्यों की प्रशंसा की तथा उन्हे केंद्र में मंत्री बनाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि सांसद अपने क्षेत्र में नई योजनाएं लाने और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

तोशाम में शहीद महापुरुष यादगार कमेटी ने मनाया चंद्रशेखर आजाद का शहीदी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

शुक्रवार को शहीद पार्क में आजादी आंदोलन के महान क्रांतिकारी योद्धा शहीद चंद्रशेखर आजाद का शहीद दिवस शहीद महापुरुष यादगार कमेटी तोशाम ने सम्मानजनक ढंग से मनाया।जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त फौजी रामचंद्र दुहन बागनवाला ने की। इस मौके पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह सैनी ने बताया कि आज हमारे देश की नौजवान पीढी.का ध्यान बेरोजगारी, महंगाई से हटाने के लिए नशाखोरी और अश्लीलता आदि का बनाया जा रहा है। जिसे बचाने के लिए आज उनके बीच में हमारे महापुरुष समाज सुधारक और आजादी आंदोलन के शहीद योध्दा चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के विचारधारा को ले जाना ही एकमात्र सही रास्ता है। उन्होंने बताया कि उन्नत नीति नैतिकता ही हर जमाने के महापुरुषों की शक्ति का स्त्रोत रही है। साम्राज्यवादी शोषण, जुलम के खिलाफ संघर्ष करते हुए चंद्रशेखर आजाद भी उस जमाने की कुछ आदर्श दृष्टिकोण व संस्कृति के आधार पर ही एक बड़े इंसान बन पाए थे।

तोशाम। शहीदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

शहीद चंद्रशेखर आजाद को किया नमन, दी श्रद्धांजलि

भिवानी। महान स्वतंत्रता सेनानी एवं शहीद चन्द्रशेखर आजाद ने देश को अंग्रेजों की गुलाम से आजाद करवाने के लिए युवाओं में जोश भरने का काम किया, जिसके कारण आजादी की लड़ाई में नई क्रांति पैदा हुई, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने कही। वे शहीद चन्द्रशेखर आजाद के शहीदी दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को शहीद चंद्रशेखर के जीवन से प्रेरणा लेकर देशसेवा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर जसबीर फौजी, सुरजभान, बिजेन्द्र कोट, रणबीर संगावान, धर्मपाल ग्वेवाल, रामअवतार गुप्ता, सुरेश किराड़, रामपाल यादव, अमरसिंह यादव, प्रकाश धनाना, विद्यानन्द यादव, सुभाष बामला, जंगबीर भैणी, रामनिवास आदि ने महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन कर श्रद्धांजलि दी।

भिवानी। शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते संगठन के सदस्य।

चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप ने मुख्यमंत्री को किया सम्मानित

भिवानी। शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप (हरियाणा राज्य भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, जिला भिवानी) के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ स्थित उनके संत कबीर कुटीर निवास स्थान पर मुलाकात की। ग्रुप के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। ग्रुप के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सैनी को प्रदेश में चलाए जा रहे विभिन्न सामाजिक अभियानों से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंद्रशेखर आजाद ओपन ग्रुप की विशेष टी-शर्ट का विमोचन किया।

बवानीखेड़ा तहसील से कानूनगो कृष्ण 28 साल बाद हुए सेवानिवृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

तहसील बवानीखेड़ा में कार्यरत कानूनगो कृष्ण अपनी 28 साल 7 महीने की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो गए। कानूनगो कृष्ण की सेवानिवृति पर तहसीलदार जयवीर व अधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण ने पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निवर्हन किया और जनसेवा की। सेवानिवृत्ति के बाद उनकी कमी खलती रहेगी। उन्होंने कहा कि अब वे अपना शेष जीवन सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगाएं और भगवान उनका स्वास्थ्य ठीक रखें एवं दीर्घायु जीवन जीये। कानूनगो कृष्ण ने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मियों ने उनका पूरा सहयोग किया। वे उनके साथ को हमेशा याद रखेंगे और मान-सम्मान के लिए सदा आभारी रहेंगे।

नशा दुरुपयोग रोकथाम सजगता कार्यक्रम

बाढड़ा। राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में शुक्रवार को नशा दुरुपयोग रोकथाम विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार केमार्गदर्शन में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आनन्द कुमार रहे। कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने कहाकि नशा युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने छात्राओं को नशे से दूर रहने तथा नशा-मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिएप्रेरित किया। सेमिनार का उद्देश्य छात्राओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों,रोकथाम के उपायों तथा कानूनी पहलुओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रमके मु2य वक्ता डॉ. मीना कुमारी एवं डॉ. मुकेश कुमार रहे।

लोगों ने लिया आने वाली पीढ़ियों के जल, जंगल एवं जमीन बचाने का संकल्प

अरावली संरक्षण यात्रा भिवानी पहुंची, क्षेत्रवासियों ने किया स्वागत

संपूर्ण अरावली को महत्वपूर्ण पारिस्थितिक क्षेत्र घोषित करने की उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुजरात, राजस्थान एवं हरियाणा के 30 से अधिक जिलों की यात्रा करने के बाद अरावली संरक्षण यात्रा भिवानी पहुंची। देवसर पहाड़ पर क्षेत्रवासियों एवं पर्यावरण संगठनों ने जनसभा का आयोजन किया, जिसमें जनसंघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश, स्टैंड विद नेचर के अध्यक्ष डॉ. लोकेश भिवानी, सहित क्षेत्रवासियों ने यात्रियों का स्वागत किया और अरावली संरक्षण के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। यह 700 किलोमीटर लंबी यात्रा संपूर्ण अरावली पर्वतमाला को महत्वपूर्ण पारिस्थितिक क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर निकाली जा रही है। यात्रियों ने मांग रखी कि संरक्षण से जुड़ी वर्तमान 100 मीटर की परिभाषा को पूर्णतः रद्द किया जाए, ताकि अरावली क्षेत्र को व्यापक एवं प्रभावी सुरक्षा मिल सके।

भिवानी। अरावली संरक्षण यात्रा का स्वागत करते क्षेत्रवासी। *फोटो : हरिभूमि*

वन कटाव से बढ़ रहा खतरा

आदिवासी समन्वय मंच की सदस्य कुसुम रावत ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने 24 जनवरी को गुजरात के अरावली जिले के मेघराज से अरावली संरक्षण यात्रा की शुरुआत की थी। आज हमारी इस पवित्र यात्रा का 35वां दिन है। यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के जल, जंगल और जमीन को बचाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि अरावली विश्व की प्राचीनतम पर्वतमालाओं में से एक है, जो उत्तर भारत में जलवायु संतुलन, भूजल पुनर्भरण, जैव विविधता और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, लेकिन लगातार खनन, वनों की कटाई और अवैध निर्माण के कारण यह पर्वतमाला गंभीर संकट का सामना कर रही है। यात्रा में शामिल नीलम आहलूवालिया, महावीर और अंजली ने भी विभिन्न जिलों में मिले जनसमर्थन का उल्लेख करते हुए कहा कि अरावली बचाने का संघर्ष पूरे देश का संघर्ष बन रहा है, क्योंकि अरावली हमारी विरासत है। कार्यक्रम में कामरेड ओमप्रकाश ने यात्रा का औपचारिक स्वागत किया।